भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.03.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

वित्त –स्वास्थ्य बीमा

देश में स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है और 2024–25 में कुल प्रीमियम एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र लगभग नौ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने दक्षता बढ़ाने और पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समय सीमा निर्धारित की है। मंत्रालय ने कहा कि इन समयसीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि रोगियों को समय पर चिकित्सा देखभाल मिल सके।

नवरात्र

चैत्र नवरात्रे के आठवें दिन आज मंदिरों में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश में स्थित मां दुर्गा की शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है जो मां के समक्ष नतमस्तक हो रहे हैं। राजधानी शिमला के कालीबाड़ी और तारादेवी माता मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ है और सोलन के शूलिनी माता मंदिर में भी मां दुर्गा के भजन कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

रामनवमी

इस बीच रामनवमी का पर्व भी आज धार्मिक श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। भगवान श्रीराम के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज जालंधर के देवी तालाब मंदिर में रामनवमी शोभा यात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की शिक्षाएं आज भी लोगों को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से एकता, भक्ति और समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। शिमला के राममंदिर में भी भक्तों का तांता लगा हुआ है।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटल और रेस्तरां को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लें। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा है कि वह देशभर में इस पर निगरानी रख रहा है और इसका उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए

जाएंगे। प्राधिकरण ने बताया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों से बचने के लिए ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने कहा कि ऐसे मामलों में लोगों को होटल या रेस्तरां से बिल से शुल्क हटाने का अनुरोध करना चाहिए।

विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थारन आई.एस.एम. धनबाद ने **क्यूथ.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2026** में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वस में 21वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही भारत ने खनिज और खनन अभियांत्रिकी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पेट्रोलियम अभियांत्रिकी में संस्थान ने भारत में चौथा स्थान प्राप्त किया। संस्थातन के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने इसका श्रेय संस्थान की गुणवत्ता, अनुसंधान और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दिया है।

....